कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री महेश चन्द शर्मा निवासी 426, सदर बाजार भाण्डारेज जिला दौसा राज0
बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार भाण्डारेज जिला दौसा

अपील संख्या 09/2022

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय **दिनांक 02.03.2022**

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार भाण्डारेज से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार भाण्डारेज जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार भाण्डारेज जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उप तहसीलदार भाण्डारेज को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/189 दिनांक 31.01.2022 एवं स्मरण पत्र कमांकः267 दिनांक 17.02.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उप तहसीलदार भाण्डारेज जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उप तहसीलदार भाण्डारेज जिला दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.03.30 10:20:25 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा